समाचार

# निगम के विविध कार्यो को मिली एम.आई.सी.की स्वीकृति

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक)



कोरबा 10 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा निगम के विभिन्न कार्यो व विषयों को मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान की गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिए गए।

महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री राहुल देव की उपस्थिति में सम्पन्न मेयर इन काउंसिल की बैठक में निगम के विकास व निर्माण कार्यो सहित अन्य विभिन्न कार्यो से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। वार्ड क्र. 48 अंतर्गत एन.टी.पी.सी.कालोनी के पास से अहिरन नदी के बीच स्थित नाले में 69 लाख रूपये की लागत से चेकडेम का निर्माण, राताखार रोड से गेरवाघाट ब्रिज तक 58 लाख 50 हजार रूपये की लागत से एप्रोच रोड के चौड़ीकरण हेतु ओव्हरवर्डन मिट्टी फिलिंग का कार्य, निगम के भवनों में दीमकरोधी उपचार कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण, निगम के विभिन्न काम्पलेक्स के रिक्त दुकानों के आबंटन, जल प्रदाय कार्य से संबंधित सामग्रियों के वार्षिक दर निर्धारण, विभिन्न उद्यानों में लगे फाउण्टेन, म्यूजिकल फाउण्टेन, व्हेवपूल, गार्डन ट्रेन, एल.ई.डी. लाईट एवं फ्लड लाईट के रिपेरिंग कार्य के वार्षिक दर निर्धारण, विद्युत सामग्री खरीदी हेतु वार्षिक दर निर्धारण, हैण्डपंप सामग्री खरीदी हेतु वार्षिक दर निर्धारण, निगम के विभिन्न भवन, हाल, कमरे एवं मैदान का लीज पर आबंटन, शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त किए जाने, एल.ई.डी. लाईट से संबंधित कार्यो, अन्य विकास व निर्माण कार्यो, नगर पालिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो आदि सहित अन्य प्रस्तुत प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा स्वीकृति के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए गए।

मेयर इन कांउसिल की बैठक के दौरान एम.आई.सी.सदस्य दिनेश सोनी, इस्माईल कुरैशी, सुनीता राठौर, भुनेश्वरी देवी, इंदिरा कौशिक, देवीदयाल सोनी, मनकराम साहू, रामगोपाल यादव, विनीत एक्का, सीताराम चौहान, गोपाल कुर्रे, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, भूषण उरांव, आर. के.माहेश्वरी, आर.के. चौबे, आर.के. भोजासिया, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर आदि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।